
# सरगम

## हिंदी की अभ्यास पुस्तिका

## भाग 5



सदन कुमार सिन्हा

सृजन पब्लिशर्स प्रा० लि०

# विषय सूची


1. पंथ की पहचान 3
2. बालक चंद्रगुप्त 5
3. वचन का पालन 7
4. चचा छक्कन ने केले खरीदे 9
5. पकड़ा गया आतंकवादी 11
6. जलाते चलो 12
7. पंच परमेश्वर 14
8. परमवीर सेनानी 16
9. दो गौरैयाँ 18
10. जंगल गाथा 20
11. मंतर 21
12. घर 23
13. खरगोश के बच्चे 25
14. समर्पित वैज्ञानिक 27
15. लिंकन का पत्र 29
16. रहीम के दोहे 31
17. शमादान 33
18. अशोक का शस्त्र त्याग 35
19. एक टीम अनेक खिलाड़ी 37
20. नौजवान जागो रे 39

**अपठित बोध** 40

# 1. पंथ की पहचान

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

पूर्व चलने के बटोही, पंथ की पहचान कर ले।
पुस्तकों में है नहीं छापी गई इसकी कहानी,
हाल इसका ज्ञात होता है न औरों की जुबानी।

1. किसकी कहानी पुस्तकों में नहीं मिलेगी?

______________________________

______________________________

______________________________

2. समझो और लिखो–

| | | |
|---|---|---|
| (क) इसका | इसकी | इसके |
| (ख) इनका | ______ | ______ |
| (ग) उसका | ______ | ______ |
| (घ) उनका | ______ | ______ |
| (ङ) जिसका | ______ | ______ |

3. वाक्य बनाओ–

(क) पंथ ______________________________

______________________________

(ख) पुस्तक ______________________________

______________________________

(ग) ज्ञात ______________________________

______________________________

**II.** जीवन में आगे बढ़ने से पहले क्या-क्या काम करने चाहिए? संक्षेप में बताओ।

**III.** यह कविता हमें क्या संदेश देती है?

# 2. बालक चंद्रगुप्त

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

बात उन दिनों की है जब मगध पर महापद्मनंद का राज था। उसने मौर्य सेनापति को बंदी बना लिया था। सेनापति के कुटुंब का जीवन किसी प्रकार कष्ट से बीत रहा था।

1. महापद्मनंद कौन था?

_______________

2. सेनापति को किसने बंदी बना लिया था?

_______________

3. वाक्य बनाओ–

(क) बंदी _______________

_______________

(ख) कुटुंब _______________

_______________

(ग) कष्ट _______________

_______________

4. कोष्ठक में दिए गए शब्द-भेदों को वाक्य में रेखांकित करो–

(क) बात उन दिनों की है। (विशेषण)

(ख) उनका जीवन कष्ट से बीत रहा था। (संज्ञा)

5. निम्नलिखित शब्दों से एक-एक नये शब्द बनाओ–

(क) जीवन _______________

(ख) दिन _______________

(ग) कष्ट _______________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

महापद्मनंद एक निष्ठुर और मूर्ख राजा था। उसकी राजसभा बड़े-बड़े चापलूस मूर्खों से भरी रहती थी। सारी राजसभा पिंजरे को खाली करने पर विचार कर रही थी लेकिन किसी को कोई उपाय नहीं सूझ रहा था।

1. राजसभा किस प्रकार के लोगों से भरी रहती थी?

2. राजसभा में किस बात पर विचार-विमर्श हो रहा था?

3. वाक्य बनाओ–

(क) निष्ठुर

(ख) चापलूस

(ग) उपाय

4. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो–

(क) निष्ठुर

(ख) चापलूस

## III. तुम्हें चाणक्य का चरित्र कैसा लगा? अपने विचार लिखो।

# 3. वचन का पालन

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

यह स्पेन देश के एक छोटे–से गाँव की घटना है। एक बगीचे का स्वामी अपने बगीचे को सींचने और पेड़–पौधों को ठीक करने में लगा था। उसी समय एक व्यक्ति भागता हुआ उसके पास आया। वह घबराया हुआ था।

1. यह घटना कहाँ की है?

_______________

_______________

2. बगीचे का स्वामी बगीचे में क्या कर रहा था?

_______________

_______________

3. वाक्य बनाओ–

(क) घटना _______________

_______________

(ख) गाँव _______________

_______________

(ग) सींचना _______________

_______________

4. निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा में बदलकर लिखो–

(क) व्यक्ति _______________

(ख) स्वामी _______________

(ग) घबराना _______________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

हत्यारा बगीचे के स्वामी के पैरों पर गिर पड़ा और फूट-फूटकर रोने लगा। बगीचे के स्वामी ने उसे उठाया और कहा, "मेरा मरा पुत्र अब लौट नहीं सकता। तुम्हारी जान को खतरा है इसलिए तुम व्यर्थ देर मत करो। अँधेरा छँटने के पहले यहाँ से दूर निकल जाओ।"

1. हत्यारा किसके पैरों पर गिरकर रोने लगा?

_______________

_______________

2. बगीचे के स्वामी ने हत्यारे को चले जाने के लिए कब कहा?

_______________

_______________

3. वाक्य बनाओ–

(क) खतरा _______________

_______________

(ख) अँधेरा _______________

_______________

(ग) जान _______________

_______________

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–

(क) दूर _______________

(ख) रोना _______________

## III. 'जाको राखे साइयाँ ' ' '' – यह कहावत पूरी करो और इसका वाक्य में प्रयोग करो।

_______________

_______________

_______________

# 4. चचा छक्कन ने केले खरीदे

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

दो मिनट बाद बिंदो ने आकर बताया कि वह मान गया। चचा चौंककर बोले, "मान गया?" चचा ने गिनकर हिसाब लगाया, "हम आप, छुट्टन की माँ, लल्लू, दद्दू, बिन्नो और छुट्टन – कुल छह। छह दूनी बारह यानी एक दर्ज़न। पर देखिओ, दो-तीन गुच्छे अंदर लेकर आना, हम आप ही उसमें से अच्छे-अच्छे केले छाँट लेंगे।"

1. बिंदो ने आकर क्या बताया?

______________________________

______________________________

2. चचा छक्कन ने कितने केले खरीदे और किस-किसके लिए?

______________________________

______________________________

______________________________

3. वाक्य बनाओ–

(क) हिसाब ______________________________

______________________________

(ख) दर्ज़न ______________________________

______________________________

(ग) छाँटना ______________________________

______________________________

(घ) मिनट ______________________________

______________________________

4. निम्नलिखित क्रियाओं को प्रेरणार्थक क्रिया में बदलो–

(क) लगना ____________

(ख) मानना ____________

5. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण-विच्छेद करो–

(क) गुच्छा ____________

(ख) छुट्टन ____________

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

बिंदो उठकर चार केले ले आया। चचा ने उन्हें खाना शुरू कर दिया। खा चुकने के बाद उन्होंने बिंदो से कहा, "हाँ, तो तू भी कायल हुआ न इमली की करामात का? मगर क्या कीजिए, इस ज़माने में देश की चीज़ों की ओर कोई ध्यान नहीं देता। यही इमली अगर विलायत से डिब्बों में बंद होकर आती तो लोग इसपर टूट पड़ते। हर घर में इसका एक डिब्बा मौजूद रहता।"

1. बिंदो कितने केले लेकर आया?

____________

2. इमली की करामात के बारे में चचा छक्कन ने क्या कहा?

____________

____________

3. निम्नलिखित शब्दों से विशेषण शब्द बनाओ–

(क) विलायत ____________

(ख) करामात ____________

## III. 'चचा छक्कन' के चरित्र के बारे में अपने विचार लिखो।

____________

____________

____________

# 5. पकड़ा गया आतंकवादी

I. इस पाठ का सार लिखो।

II. आतंकवाद के बारे में एक अनुच्छेद लिखो।

# 6. जलाते चलो

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

समय साक्षी है कि जलते हुए दीप
अनगिनत तुम्हारे, पवन ने बुझाए।
मगर बुझ स्वयं ज्योति जो दे गए वे,
उसी से तिमिर को उजाला मिलेगा।
जलाते चलो ये दिये स्नेह भर-भर,
कभी तो धरा का अँधेरा मिटेगा।

1. समय किस बात का साक्षी है?

______________________________

______________________________

2. धरा का अंधकार कब मिटेगा?

______________________________

______________________________

3. वाक्य बनाओ–

(क) धरा ______________________________

______________________________

(ख) बुझना ______________________________

______________________________

(ग) जलाना ______________________________

______________________________

(घ) पवन ______________________________

______________________________

4. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो–

(क) स्नेह ____________________

(ख) तिमिर ____________________

5. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखो–

(क) जलना ____________________

(ख) अँधेरा ____________________

**II. इस कविता के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहते हैं?**

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

______________________________________________________________________

# 7. पंच परमेश्वर

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

जुम्मन को पूरा विश्वास था कि अब बाज़ी मेरी है। पर जब अलगू चौधरी ने जुम्मन से ज़िरह शुरू की तो एक-एक प्रश्न जुम्मन के हृदय पर हथौड़े की चोट की तरह पड़ने लगा। जुम्मन चकित थे कि अलगू को क्या हो गया। अभी यह मेरे साथ बैठा हुआ कैसी-कैसी बातें कर रहा था! इतनी ही देर में ऐसी काया-पलट हो गई कि मेरी जड़ खोदने पर तुला हुआ है।

1. किसको विश्वास था कि बाज़ी उसकी है?

2. अलगू के प्रश्न सुनकर कौन चकित थे?

3. वाक्य बनाओ–

(क) दोस्ती

(ख) चोट

(ग) जड़

(घ) चकित

4. 'जुम्मन को उसपर पूर्ण विश्वास था।'–इस वाक्य में से विशेषण छाँटो।

5. 'अलगू चौधरी ने जुम्मन से ज़िरह शुरू की।'—इस वाक्य में से कर्ता छाँटो।

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

पंचों ने दोनों पक्षों से सवाल-जवाब किए। अंत में जुम्मन ने फ़ैसला सुनाया, "अलगू चौधरी और समझू साहू! पंचों ने तुम्हारे मामले पर अच्छी तरह विचार किया। समझू के लिए उचित है कि वह बैल का पूरा दाम दे। जिस समय उन्होंने बैल लिया, उस वक्त उसे कोई बीमारी न थी। अगर उसी समय दाम दे दिए जाते तो आज समझू उसे फेर लेने का आग्रह न करते। बैल की मृत्यु केवल इस कारण हुई कि उससे बड़ा कठिन परिश्रम लिया गया और उसके दाने-चारे का अच्छा प्रबंध न किया गया।"

1. पंचों ने किसके मामले पर अच्छी तरह विचार किया?

2. बैल की मृत्यु किस कारण से हुई?

3. 'पंचों ने दोनों पक्षों से सवाल-जवाब किए।'—इस वाक्य में से कर्ता चुनो।

4. 'उससे बड़ा कठिन परिश्रम लिया गया।'—इस वाक्य में से विशेष्य चुनो।

## III. 'पंच परमेश्वर' कहानी से तुम्हें क्या शिक्षा मिलती है?

# 8. परमवीर सेनानी

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

अब्बा ने सुना तो नाराज़ हो गए। बोले, "हमारे घर में सिलाई का काम होता है। हम नहीं जाने देंगे लाम पै।" अब्दुल के पिता जी ने अपनी बीवी से सलाह की और अब्दुल हमीद की शादी करा दी। सोचा, 'अब तो पलटन में न जाएगा।'

1. किसके घर में सिलाई का काम होता है?

2. अब्दुल के पिता जी ने उसकी शादी क्यों करा दी?

3. वाक्य बनाओ–

   (क) नाराज़

   (ख) सिलाई

   (ग) सलाह

4. 'सिलाई' शब्द में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखो।

5. 'नाराज़' शब्द से एक नया शब्द बनाओ।

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

अब्दुल हमीद के हौसलों के कारण दुश्मन को मुँह की खाकर पीछे भागना पड़ा। शत्रु–सेना वहाँ से नौ दो ग्यारह हो गई पर बहादुर अब्दुल हमीद भयानक रूप से घायल हो गया। उसका सारा शरीर आग से झुलस गया और वह वहीं शहीद हो गया।

1. किसके हौसलों के कारण दुश्मन को मुँह की खानी पड़ी?

2. अब्दुल हमीद की मृत्यु किस प्रकार हुई?

3. 'मुँह की खाना' एक मुहावरा है। इसका अर्थ लिखो और इससे वाक्य बनाओ।

4. 'अब्दुल हमीद का शरीर आग से झुलस गया।'–इस वाक्य में सकर्मक क्रिया की पहचान करो।

## III. 'देशभक्ति' – इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखो।

# 9. दो गौरैयाँ

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—

पिता जी को और भी ज़्यादा गुस्सा आ गया। वह बाहर से लाठी उठा लाए। उन्होंने लाठी ऊँची उठाकर पंखे के गोले को ठोंका। 'चीं-चीं' करती गौरैयाँ उड़कर पर्दे के डंडे पर जा बैठीं। पिता जी लाठी उठाए पर्दे के डंडे की ओर लपके। एक गौरैया उड़कर रसोईघर के दरवाज़े पर जा बैठी, दूसरी सीढ़ियों वाले दरवाज़े पर।

1. पिता जी ने लाठी लाकर क्या किया?

______________________________

______________________________

______________________________

2. गौरैयाँ उड़कर किस ओर गईं?

______________________________

______________________________

3. वाक्य बनाओ—

(क) रसोईघर ______________________________

______________________________

(ख) लाठी ______________________________

______________________________

(ग) गुस्सा ______________________________

______________________________

4. 'डंडा' का बहुवचन रूप लिखो। ______________

5. 'गुस्सा' का समानार्थी शब्द लिखो। ______________

6. 'वह बाहर से लाठी उठा लाए।' – इस वाक्य में सर्वनाम को रेखांकित करो और उससे एक नया वाक्य बनाओ।

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

पिता जी के हाथ ठिठक गए। मैंने झट-से बाहर की ओर देखा। दोनों गौरैयाँ बाहर दीवार पर गुमसुम बैठी थीं। फिर पंखे की ओर देखा। पंखे के गोले के ऊपर से दो नन्ही-नन्ही गौरैयाँ 'चीं-चीं' किए जा रही थीं। मानो वे अपना परिचय दे रही थीं, "हम आ गई हैं। हमारे माँ-बाप कहाँ हैं?"

1. लेखक ने बाहर देखा तो क्या पाया?

2. नन्ही गौरैयाँ कहाँ बैठी थीं?

3. 'मैंने झट-से बाहर की ओर देखा।' – इस वाक्य में क्रिया शब्द और उसके काल की पहचान करो।

## III. इस पाठ के अंतिम दृश्य का वर्णन अपने शब्दों में करो।

# 10. जंगल गाथा

**I.** इस कविता का सारांश लिखो।

**II.** इस कविता पर आधारित पाँच प्रश्न बनाओ।

# 11. मंतर

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

मिस्टर शंकराचार्य ने अपनी ऐनक के कोनों से राम की ओर देखा। उनकी दृष्टि राम की नयी टोपी पर पड़ी जो उसके सिर पर चमक रही थी। उन्होंने राम से कहा, "इसे उतारकर रख ले, हवा इसे उड़ा ले जाएगी।" यह कहकर उन्होंने राम के सिर पर से टोपी उतारकर उसकी गोद में रख दी।

1. मिस्टर शंकराचार्य ने किसकी ओर देखा?

2. मिस्टर शंकराचार्य ने राम को क्या हिदायत दी?

3. वाक्य बनाओ–

   (क) चमक

   (ख) गोद

   (ग) दृष्टि

4. 'उनकी दृष्टि राम की नयी टोपी पर पड़ी।'–इस वाक्य में सर्वनाम शब्द की पहचान करो और उसका उपभेद लिखो।

5. 'चमक' शब्द से विशेषण बनाओ।

**II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

मिस्टर शंकराचार्य ने आँखें बंद न की लेकिन राम ने मंत्र पढ़ना शुरू कर दिया, "ऊँ · · · स्वाहा!" और 'स्वाहा' के साथ ही, मिस्टर शंकराचार्य की गोद में कागज़ों का एक पुलिंदा आ गिरा।
मिस्टर शंकराचार्य कभी कागज़ात को तो कभी राम को देख रहे थे।

1. किसने मंत्र पढ़ना शुरू कर दिया?

   ______________________________

   ______________________________

2. कागज़ों का पुलिंदा किसकी गोद में आ गिरा?

   ______________________________

   ______________________________

3. 'उसने मंत्र पढ़ना शुरू कर दिया।'–इस वाक्य में रेखांकित शब्द का लिंग बताओ।

   ______________________________

4. 'आँखें' का वचन बदलकर लिखो। ______________

**III. राम के चरित्र के बारे में पाँच वाक्य लिखो।**

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 12. घर

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

गर प्रेम का ईंट और गारा हो,
हर नींव में भाईचारा हो,
कंधों का छतों को सहारा हो,
दिल–खिड़की में उजियारा हो,
घर गिरे नहीं भूचालों से,
दरवाज़ों से ना दीवालों से,
घर बनता है घरवालों से।

1. इन पंक्तियों का भावार्थ लिखो।

2. वाक्य बनाओ–

(क) भूचाल

(ख) सहारा

(ग) नींव

(घ) प्रेम

3. 'प्रेम' का विलोम शब्द लिखो। ____________________

4. 'दीवाल' का हिंदी पर्याय लिखो। ____________________

5. निम्नलिखित शब्दों के बहुवचन रूप लिखो–

(क) ईंट ____________________

(ख) खिड़की ____________________

(ग) कंधा ____________________

**II. इस कविता का संदेश लिखो।**

____________________

____________________

____________________

____________________

____________________

# 13. खरगोश के बच्चे

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

बचपन को याद करूँ तो नरम, मुलायम बालों वाले वे प्यारे-प्यारे खरगोश के बच्चे ज़रूर याद आते हैं। पहले पहल मैंने नूरा के पास उन्हें देखा था और देखते ही मुग्ध हो गया था। नूरा बकरियाँ चराता था। पता नहीं, कहाँ से वह खरगोशों का एक खूबसूरत जोड़ा भी पकड़ लाया था।

1. लेखक ने खरगोश के बच्चों को किसके पास देखा था?

___

___

2. नूरा क्या काम करता था?

___

___

3. वाक्य बनाओ–

(क) बचपन ___

___

(ख) मुलायम ___

___

(ग) जोड़ा ___

___

4. इन शब्दों के लिंग बताओ–

(क) बकरी ___

(ख) खरगोश ___

(ग) बचपन ___

5. 'मुझे खरगोश के बच्चे बहुत प्यारे लगते हैं।'—इस वाक्य में सर्वनाम की पहचान करो और उसका उपभेद लिखो।

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो—

फत्तू हमारे घर का बरसों पुराना नौकर था। बहुत भला आदमी था। मेरा तो वह दोस्त ही बन गया था। एक दिन मैंने फत्तू से कहा, "एक जोड़ा खरगोश तुम भी पकड़ लाओ न!"

1. फत्तू कौन था और उसका स्वभाव कैसा था?

2. लेखक ने फत्तू से क्या कहा?

3. 'पुराना' का समानार्थी शब्द लिखो।

4. 'दोस्त' का विलोम शब्द लिखो।

## III. 'मेरा प्रिय जानवर' – इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखो।

# 14. समर्पित वैज्ञानिक

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

बात उन दिनों की है जब देश को आज़ाद हुए अधिक समय नहीं हुआ था। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री थे। उन्होंने एक विख्यात वैज्ञानिक को शिक्षा मंत्रालय के सचिव का पद देना चाहा लेकिन उस वैज्ञानिक ने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा "मेरा जीवन विज्ञान को समर्पित है। कृपया मुझे कोई अन्य ज़िम्मेदारी न सौपें।"

जानते हो, उस महान वैज्ञानिक का नाम था बीरबल साहनी।

1. मौलाना अबुल कलाम आज़ाद कौन थे?

2. किस वैज्ञानिक ने शिक्षा मंत्रालय के सचिव का पद का प्रस्ताव ठुकरा दिया था?

3. वाक्य बनाओ–

   (क) विख्यात

   (ख) आज़ाद

   (ग) ठुकराना

4. 'स्वतंत्र' में उपसर्ग और प्रत्यय जोड़कर अलग-अलग शब्द बनाओ।

5. 'अधिक समय' में विशेषण और विशेष्य की पहचान करो।

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

कैंब्रिज विश्वविद्यालय में बीरबल साहनी ने पहले एम.एससी. की डिग्री ली। बाद में सन् 1919 में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। इस विश्वविद्यालय में उन्हें महान् वैज्ञानिक प्रोफ़ेसर सीवार्ड का मार्गदर्शन मिला। उनके साथ मिलकर बीरबल ने भारत में पाए गए कई जीवाश्मों का अध्ययन भी किया था।

1. बीरबल साहनी ने एम.एससी. की डिग्री कहाँ से प्राप्त की थी?

2. बीरबल साहनी को किस महान वैज्ञानिक का मार्गदर्शन मिला था?

3. 'भारत' में 'ईय' प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाओ।

4. 'विज्ञान' में 'इक' प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाओ।

## III. भारत के किन्हीं पाँच वैज्ञानिकों के नाम पता करके लिखो।

# 15. लिंकन का पत्र

I. इस पाठ में वर्णित पत्र का मूल भाव लिखो।

II. अब्राहम लिंकन कौन थे? उनके बारे में एक अनुच्छेद लिखो।

**III.** अपने प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या को पत्र लिखकर अनुरोध करो कि वे तुम सबको भारत के राष्ट्रपति से मिलवाने की व्यवस्था करवाएँ।

# 16. रहीम के दोहे

**I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

रहिमन धागा प्रेम का, मत तोड़ो चटकाय।
टूटे से फिर ना जुरै, जुरै गाँठ परि जाय।।

1. कवि ने किस चीज़ के टूटने के बाद उसका जुड़ना मुश्किल बताया है?

2. इस दोहे में वर्णित 'चटकाय' का क्या अर्थ है?

3. वाक्य बनाओ–

   (क) धागा

   (ख) प्रेम

4. 'धागा' शब्द के समानार्थी शब्द लिखो।

**II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

रहिमन निज मन की व्यथा, मन ही राखो गोय।
सुनि अठिलैहैं, लोग सब, बाँटि न लैहैं कोय।।

1. किस चीज़ को अपने मन में ही रखना चाहिए?

2. मन की व्यथा को मन में ही क्यों रखना चाहिए?

3. 'व्यथा' शब्द का लिंग बताओ।

**III. रहीम कवि का पूरा नाम पता करो। उनके बारे में दो-तीन वाक्य भी लिखो।**

**IV. तुम्हें कौन-सा दोहा सबसे अच्छा लगा और क्यों?**

# 17. शमादान

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

माइरिल एक दयालु पादरी थे। वे अपनी बहन मैग्लोरी के साथ रहते थे। एक दिन उनके पास एक आगंतुक आया। उसने अपनी पीठ पर एक थैला लटका रखा था। वास्तव में वह एक अभियुक्त था जो एक चोरी के सिलसिले में कठोर सज़ा काट चुका था।

1. आगंतुक कौन था?

___

___

2. मैग्लोरी कौन थी?

___

___

3. वाक्य बनाओ–

(क) अभियुक्त ___

(ख) सज़ा ___

(ग) आगंतुक ___

4. '<u>वह</u> <u>चोरी</u> के सिलसिले में <u>कठोर</u> सज़ा काट चुका था।'– इस वाक्य में रेखांकित शब्दों के शब्द-भेद लिखो–

(क) वह ___

(ख) चोरी ___

(ग) कठोर ___

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

जीन सुबह–सुबह ही सोकर उठा। उसने देखा कि माइरिल और मैग्लोरी अभी सो रहे थे। उसने अलमारी खोली। अलमारी चाँदी के चमचमाते पात्रों से भरी पड़ी थी। जीन ने सारे पात्र निकालकर अपने थैले में भरे और दबे पाँव बाहर निकल गया।

1. जीन ने सुबह उठने पर क्या देखा?

___

___

2. जीन ने अलमारी में क्या देखा?

___

___

3. वाक्य बनाओ–

(क) पात्र ___

(ख) थैला ___

(ग) अलमारी ___

4. अलमारी चाँदी के चमचमाते पात्रों से भरी पड़ी थी।' – इस वाक्य में विशेषण शब्द चुनो और उसका उपभेद लिखो।

___

## III. 'माइरिल ने झूठ बोलकर अच्छा ही किया।' – इस विचार से तुम सहमत हो या नहीं? अपने विचार लिखो।

___

___

___

___

___

# 18. अशोक का शस्त्र त्याग

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

**अशोक** – मैं ही राजा अशोक हूँ राजकुमारी लेकिन मैं स्त्रियों से युद्ध नहीं करता।

**पद्मा** – परंतु मैं तो युद्ध करने आई हूँ। आज इस युद्ध का अंत होकर ही रहेगा। यदि आप युद्ध नहीं करेंगे तो हम समझेंगी कि आप कायर हैं।

**अशोक** – ऐसा नहीं है पुत्री! तुम्हारी स्त्री–सेना की देशभक्ति को देखकर मेरी अंतरात्मा जाग गई है। मैं अब युद्ध नहीं कर सकता। सैनिको! अपनी–अपनी तलवारें फेंक दो। आज के बाद सम्राट अशोक किसी पर भी आक्रमण करने का आदेश नहीं देगा।

1. किन दो पात्रों के बीच यह संवाद हो रहा है?

2. अशोक ने अपनी सेना को क्या आदेश दिया?

3. वाक्य बनाओ–

(क) आक्रमण

(ख) युद्ध

(ग) देशभक्ति

4. 'मैं <u>अब</u> युद्ध नहीं कर सकता।' – इस वाक्य में रेखांकित शब्द का शब्द–भेद बताओ।

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

**पद्‌मा –** जाइए महाराज! स्त्रियाँ भी निहत्थों पर वार नहीं करतीं। अब अपनी प्रतिज्ञा की रक्षा करना आपका कर्तव्य है। उस कर्तव्य का पालन कीजिए।

1. स्त्रियाँ किस पर वार नहीं करतीं?

_______________

_______________

2. 'अब अपनी प्रतिज्ञा की रक्षा करना आपका कर्तव्य है।' – यह वाक्य किसने किससे कहा?

_______________

_______________

3. वाक्य बनाओ–

(क) प्रतिज्ञा _______________

_______________

(ख) कर्तव्य _______________

_______________

4. 'उस कर्तव्य का पालन कीजिए।' इस वाक्य में रेखांकित शब्द का शब्द–भेद बताओ।

_______________

## III. सम्राट अशोक के बारे में पाँच वाक्य लिखो।

_______________

_______________

_______________

_______________

_______________

_______________

# 19. एक टीम अनेक खिलाड़ी

## I. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

सबसे पहले फ़िल्म की कहानी चुनी जाती है। फ़िल्म के विषय को ध्यान में रखकर लेखक से कहानी लिखवाई जाती है या फिर पहले से प्रकाशित किसी कहानी, उपन्यास या नाटक पर भी फ़िल्म बनाई जाती है। इस कहानी पर निर्माता या निर्देशक विचार करते हैं। इसके बाद कहानी पटकथा लेखक के हाथ में जाती है जो फ़िल्म के दृश्यों, क्रम, आदि के आधार पर नाटक के रूप में कहानी लिखता है। इसमें हर दृश्य के चरित्रों के संवाद, दृश्य में लोगों के आने–जाने, साज़–सामान का विवरण होता है।

1. फ़िल्मों के निर्माण में सबसे पहले क्या चुनी जाती है?

2. फ़िल्मों की कहानी पर आपस में कौन विचार–विमर्श करते हैं?

3. वाक्य बनाओ–

   (क) निर्माता

   (ख) उपन्यास

   (ग) संवाद

4. 'प्रकाशित' में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखो।

## II. नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–

जोखिमभरे कामों को करने वाले हमशक्ल और समान कद–काठी के 'स्टंटमैन' होते हैं। इन्हें 'डमी' कलाकार कहते हैं। ये ज़ोखिमभरे काम करते हैं। ट्रिक फोटोग्राफी के कमाल से रोंगटे खड़े करने वाले कारनामे दिखाए जाते हैं। कभी–कभी कलाकार स्वयं भी ज़ोखिम वाले कारनामे करते हैं।

1. स्टंटमैन कौन होते हैं और उनका क्या काम होता है?

______________________________

______________________________

2. ट्रिक फोटोग्राफी का इस्तेमाल किसलिए किया जाता है?

______________________________

______________________________

3. वाक्य बनाकर 'समान' और 'सामान' में अंतर बताओ–

(क) समान ______________________________

______________________________

(ख) सामान ______________________________

______________________________

4. 'हमशक्ल' के मूल शब्दों को अलग करके लिखो। इन मूल शब्दों के शब्द–भेद भी बताओ।

______________________________

## III. 'मेरी प्रिय फ़िल्म'– इस विषय पर एक अनुच्छेद लिखो।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

# 20. नौजवान जागो रे

I. इस कविता का सार लिखो।

II. इस पाठ से नौजवानों को क्या शिक्षा मिलती है?

# अपठित बोध

**नीचे दी गई पंक्तियाँ पढ़ो और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो–**

एक बार एक धनी व्यक्ति रिक्शे पर बैठकर बस स्टैंड की ओर जा रहा था। उसके पास काफ़ी सामान था। मार्ग में ही उसे वह बस मिल गई जिस पर वह जाना चाहता था। वह अपना सामान लेकर बस में चढ़ गया। रिक्शावाले को पैसे देते समय उसका थैला रिक्शे में ही रह गया। रिक्शावाले की दृष्टि जब थैले पर पड़ी तब तक बस आँखों से ओझल हो चुकी थी। उसने थैला खोलकर देखा तो वह हैरान रह गया कि उसमें पाँच हज़ार रुपये, कुछ आवश्यक कागज़ तथा डायरी थी। डायरी के प्रथम पृष्ठ पर उस व्यक्ति का नाम और पता लिखा हुआ था। रिक्शावाले ने डाकखाने में जाकर उस व्यक्ति को पाँच हज़ार रुपये का मनीऑर्डर करवा दिया तथा आवश्यक कागज़ों और डायरी को रजिस्टर्ड पार्सल द्वारा उसके पते पर भिजवा दिया।

1. धनी व्यक्ति कहाँ जा रहा था?

______________________________

2. रिक्शावाले की दृष्टि किस पर पड़ी?

______________________________

3. थैले में कितने रुपये थे?

______________________________

4. रिक्शावाले ने क्या किया?

______________________________

______________________________

5. 'हैरान' शब्द से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाओ। ______________

6. इस परिच्छेद का उचित शीर्षक लिखो।

______________________________